an>

title: The Speaker made reference to the passing away of Shri Dalpat Singh Paraste, sitting member of the Lok Sabha; Shri Prabhulal Rawat, member, 8th and 10th Lok Sabhas; Dr. Shakeelur Rehman, member, 9th Lok Sabha; Shri Pravin Rashtrapal, member, 13th Lok Sabha; Shri K. Anirudhan, member, 4th Lok Sabha; Shri Rudra Madhab Ray, member, 15th Lok Sabha; and Shri Nail Aloysins O' Brien, nominated member of the 11th Lok Sabha.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को हमारे साथी श्री दलपत सिंह परस्ते और छः पूर्व सदस्य श्री प्रभुलाल रावत, शकीलुर्रहमान, सर्वश्री प्रवीण राष्ट्रपाल, के. अनिरुद्धन, रुद्रमाधव राय और नील अलॉसियस ओ ब्रायन की दुःखद मृत्यु के बारे में सूचना देनी है।

श्री दलपत सिंह परस्ते मध्य प्रदेश के शहडोल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से वर्तमान सभा के सदस्य थे। वे छठी, नौवीं, तेरहवीं और चौदहवीं लोक सभा के भी सदस्य रहे।

अपने लम्बे और सक्रिय सार्वजनिक सेवाकाल के दौरान उन्होंने विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य के रूप में कार्य किया। वह सोलहवीं लोक सभा के दौरान कृषि संबंधी समिति और गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों और संकल्पों संबंधी समिति के सदस्य थे।

एक समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में श्री परस्ते ने सामाजिक बुराइयों और सामाजिक अन्याय के विरुद्ध लगातार संघर्ष किया।

श्री दलपत सिंह परस्ते का निधन हरियाणा के गुड़गांव में 1 जून, 2016 को 66 वर्ष की आयु में हुआ।

श्री प्रभुलाल रावत राजस्थान के बाँसवाड़ा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से आठवीं और दसवीं लोक सभा के सदस्य थे।

वे दसवीं लोक सभा के दौरान याचिका समिति, शहरी और ग्रामीण विकास संबंधी समिति के सदस्य रहे।

श्री रावत ने समाज के निर्धन और पिछड़े तबकों के उत्थान और सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन के लिए कार्य किया।

श्री प्रभुलाल रावत का निधन राजस्थान के बाँसवाड़ा में 13 अक्तूबर, 2015 को 78 वर्ष की आयु में हुआ।

श्री शकीलुर्रहमान बिहार के दरभंगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से नौवीं लोक सभा के सदस्य थे।

वह वर्ष 1990 से 1991 तक केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री थे। वे विशेषाधिकार समिति और सामान्य प्रयोजनों संबंधी समिति के सदस्य भी थे।

शिक्षाविद्, डॉ रहमान ने देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति के रूप में कार्य किया और उन्होंने उर्दू में कई साहित्यिक प्रकाशनों का लेखन भी किया।

डॉ. शकीलुर्रहमान का निधन हरियाणा के गुड़गांव में 9 मई, 2016 को 84 वर्ष की आयु में हुआ।

श्री प्रवीण राष्ट्रपाल गुजरात के पाटन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से तेरहवीं लोक सभा के सदस्य थे। वे राज्य सभा के वर्तमान सदस्य थे और वर्ष 2006 से 2009 तक राज्य सभा के सदस्य भी रहे।

श्री राष्ट्रपाल वित्त संबंधी समिति, अधीनस्थ विधान संबंधी समिति तथा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति के सदस्य भी रहे।

एक समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता श्री राष्ट्रपाल ने दलितों को मानवाधिकार तथा गरीब लोगों और महिलाओं को न्याय दिलवाने में अथक प्रयास किए। उन्होंने कई पुस्तकें भी लिखीं।

श्री प्रवीण राष्ट्रपाल का निधन नई दिल्ली में 12 मई, 2016 को 76 वर्ष की आयु में हुआ।

श्री के. अनिरुद्धन केरल के चिरयिंकिल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चौथी लोक सभा के सदस्य थे।

अपने दो दशक से अधिक के राजनीतिक और सार्वजनिक सेवाकाल के दौरान उन्होंने गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया।

वे चार कार्यकाल के लिए केरल विधान सभा के सदस्य भी रहे।

एक स्वतंत्रता सेनानी और विद्वान श्री अनिरुद्धन दैनिक समाचार पत्र 'विश्वकेरलम' के संपादक, मुद्रक और प्रकाशक थे।

श्री के. अनिरुद्धन का निधन केरल के तिरुवनंतपुरम में 22 मई, 2016 को 89 वर्ष की आयु में हुआ।

श्री रुद्रमाधव राय ओडिशा के कंधमाल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से पंद्रहवीं लोक सभा के सदस्य थे।

वे रेल संबंधी समिति और संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना संबंधी समिति के सदस्य थे।

इससे पूर्व, श्री रुद्रमाधव राय ओडिशा विधान सभा में तीन कार्यकाल के लिए सदस्य रहे।

श्री राय एक उड़िया साप्ताहिक समाचार पत्र "प्रगतिपथ" के प्रबंध संपादक थे।

श्री रुद्रमाधव राय का निधन भुवनेश्वर में 31 मई, 2016 को 78 वर्ष की आयु में हुआ।

श्री नील अलॉसियस ओ ब्रायन ग्यारहवीं लोक सभा के नामित सदस्य थे।

इससे पूर्व, वे पश्चिम बंगाल विधान सभा में तीन कार्यकाल के लिए सदस्य रहे।

एक समर्पित शिक्षाविद् के रूप में उन्होंने बंगाली इन्सायक्लोपीडिया-सह-प्रश्नोत्तरी 'फाइंड आउट' सहित कई पुस्तकों का प्रकाशन किया।

श्री नील अलॉसियस ओ ब्रायन का निधन कोलकाता में 24 जून, 2016 को 82 वर्ष की आयु में हुआ।

हम श्री दलपत सिंह परस्ते और अन्य पूर्व साथियों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और यह सभा शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना देती है।

अब यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर के लिए मौन रहेगी।

11.10 hours

The Members then stood in silence for short while.

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again tomorrow, the 19th July, 2016 at 11:00 a.m.

11.14 hours

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Tuesday, July 19, 2016 / Ashadha 28, 1938 (Saka)